# जयवर्धने ने डि कॉक से क्यों कहा, प्रैक्टिस पैंट्स में बल्लेबाजी मत करो



जयवर्धने ने टीम को हौसलअफजाई की

डि कॉक ने बल्लेबाजी करते हुए अपनी जर्सी को नीचे कर रखा था ताकि उनके प्रैक्टिस पैंट्स की नारंगी पट्टी न दिखे। इसके बाद जयवर्धने ने टीम को हौसलअफजाई की और कहा, 'लेकिन टीम, आप लोगों ने अच्छा किया, शानदार प्रयास। अगला मैच दुबई में है।' मुंबई की टीम अंकतालिका में 12 अंकों के साथ पहले स्थान पर है।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक ने शुक्रवार रात कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच में 44 गेंदों पर नाबाद 78 रनों की शानदार पारी खेली और अपनी टीम को आठ विकेट से जीत दिलाई। लेकिन अगर टीम के मुख्य कोच महेला जयावर्धने से पूछेंगे तो डि कॉक की बल्लेबाजी सर्वश्रेष्ठ नहीं थी। मुंबई इंडियंस ने ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें श्रीलंका के पूर्व कप्तान डि कॉक से कह रहे हैं कि वह प्रैक्टिस पैंट्स में बल्लेबाजी करना बंद करें। मैच के बाद महेला टीम से बात करते हुए कह रहे हैं, 'डि कॉक के अलावा जो अपने प्रैक्टिस पैंट्स में बल्लेबाजी कर रहे थे, बाकी सब अच्छा था।' उन्होंने डि कॉक से कहा, 'ठीक है, अब दोबारा ऐसा मत करना क्योंकि मार्केटिंग टीम पागल है, लोगबाग भी हो जाएंगे। अगर यह काम करता है तो करता है, नहीं तो हम कुछ और देखते।'

# निराश कप्तान मार्गन ने टॉप ऑर्डर की नाकामी को ठहराया जिम्मेदार

## अभी हम टूर्नामेंट के मध्य चरण में हैं, जल्द-से-जल्द चीजों में सुधार करना होगा

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अबू धाबी। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान इयॉन मॉर्गन ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों करारी हार के लिए शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उन्हें जल्द–से–जल्द चीजों में सुधार करना होगा।

केकेआर का स्कोर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठवें ओवर में चार विकेट पर 42 रन था। उसकी आधी टीम 11वें ओवर में 61 रन के स्कोर तक पविलियन लौट गयी थी। इसके बाद मॉर्गन (नाबाद 39) और तेज गेंदबाज पैट कमिन्स (नाबाद 53) के बीच छठे विकेट के लिए 87 रन की अटूट साझेदारी से टीम पांच विकेट पर 148 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंची। मुंबई ने हालांकि 16. 5 ओवर में दो विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर दिया।

मॉर्गन ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'पहले बल्लेबाजी करते हुए हमने कुछ गलतियां की। मुंबई इंडियंस ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की और साबित किया कि वह टूर्नामेंट में अब तक की बेहतरीन टीमों में से एक क्यों है।'




दिनेश कार्तिक की जगह शुक्रवार को ही कप्तानी संभालने वाले इंग्लैंड के विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा, 'हमें इस विभाग में सुधार करना होगा। अभी हम टूर्नामेंट के मध्य चरण में हैं। चीजों को बदलने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता है।'

मॉर्गन ने कहा कि केकेआर के बल्लेबाजी क्रम को लचीलापन दिखाना होगा और प्रतिद्वंद्वी को देखते हुए अपने खेल को बदलना होगा। उन्होंने कहा, 'हमारे बल्लेबाजी क्रम की मजबूती और गहराई तथा कौशल को देखते हुए हमें आगे बढ़ने के लिए जितना संभव हो सके परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना होगा।' मॉर्गन ने कहा कि कार्तिक ने अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने के लिए कप्तानी छोड़ी। उन्होंने कहा, 'इस टीम में कई नेतृत्वकर्ता हैं और मुझे जिम्मेदारी सौंपी गई है। मैं और दिनेश कप्तान और उप कप्तान है। दिनेश ने निस्वार्थ भाव दिखाया और अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने के लिए कप्तानी छोड़कर उप कप्तान बनना स्वीकार किया।'

मॉर्गन ने कहा, 'इसलिए मैं कप्तान बना और यह टीम की अगुआई करने का बहुत अच्छा मौका है। हमारी टीम में कई नेतृत्वकर्ता हैं और हमें प्रतियोगिता के दौरान इसकी जरूरत पड़ेगी।'


मुंबई इंडियंस की यह लगातार पांचवीं जीत है लेकिन सलामी बल्लेबाज क्विंटन डि कॉक ने कहा कि वह एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं तथा टीम ने अभी प्लेऑफ की तैयारी नहीं की है।

# उमर गुल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कराची। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज उमर गुल ने शनिवार को राष्ट्रीय टी20 कप के समापन के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। गुल ने पाकिस्तान की तरफ से अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच (वनडे) 2016 में खेला था। वह राष्ट्रीय टी20 कप में बलूचिस्तान का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनकी टीम शुक्रवार को रावलपिंडी में सदर्न पंजाब से हारकर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई।

गुल ने अपने ट्विटर पेज पर लिखा, 'भारी मन से और काफी सोच विचार करने के बाद मैंने राष्ट्रीय टी20 कप के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है।' उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा पाकिस्तान के लिये पूरे जुनून और जज्बे के साथ खेला। क्रिकेट हमेशा मेरा पहला प्यार रहेगा लेकिन सभी अच्छी चीजों का एक न एक दिन अंत होता है।' पेशावर में जन्में 36 वर्षीय गुल ने 2003 में वनडे में पदार्पण किया। उसी वर्ष उन्होंने अपना पहला टेस्ट मैच खेला। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2013 में खेला था।



गुल ने 47 टेस्ट मैचों में 34. 06 की औसत से 163 विकेट लिए। उन्होंने 130 वनडे में 179 विकेट और 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 85 विकेट लिए।

## अर्जुन तेंदुलकर की गेंदबाजी को तराश रहे जहीर और बांड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। आइपीएल 2020 में शुक्रवार को शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में गत चौंपियन मुंबई इंडियंस का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से हुआ। इस दौरान दिग्गज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर गैलरी में दिखाई दिए। वह मुंबई इंडियंस की नेट–बॉलिंग यूनिट का हिस्सा हैं। इसी वजह से वह यूएई में मौजूद हैं। जानकार सूत्रों ने बताया कि वह पिछले तीन महीनों से एमआइ यूनिट के साथ काम कर रहे हैं। वह नेट्स पर खिलाड़ियों को गेंदबाजी कर रहे हैं। साथ ही गेंदबाजी कोच शेन बांड और टीम के क्रिकेट के निदेशक जहीर खान की निगरानी में अपने खेल पर काम कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि वह काफी अनुशासित हैं। वह कोचिंग स्टाफ से प्रशिक्षण के साथ– साथ दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाजों को गेंदबाजी करके ज्यादा से ज्यादा सीखना चाहते हैं। मुंबई की टीम आठ में से छह मैच जीतकर अंक तालिका में पहले स्थान पर है। टीम को अगला मैच 18 अक्टूबर को किंग्स इलेवन पंजाब से मैच खेलना है।

## न्यूज डायरी



### हैपी बर्थडे अनिल कुंबलेः दिग्गजों ने दी जंबो को 50वें जन्मदिन पर बधाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वह भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट 956 विकेट अपने नाम करने वाले कुंबले ने अपने दम पर भारतीय टीम को कई मैच जितवाए हैं। उन्होने टेस्ट क्रिकेट में 619 और वनडे में 337 विकेट लिए हैं। टूटे जबड़े के साथ गेंदबाजी करने मैदान पर उतरना हो या फिर एक पारी में सभी 10 विकेट लेकर कीर्तिमान स्थापित करना। अनिल कुंबले ने मैदान पर हमेशा बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं। वह पूरे जज्बे के साथ मैदान पर उतरते। सिर्फ गेंद ही नहीं बल्ले से भी उन्होंने उपयोगी पारियां खेलीं। टेस्ट क्रिकेट में शतक लगाने वाले वह सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं।

### पैट कमिंस ने की महेंद्र सिंह धोनी के सात साल पुराने रेकॉर्ड की बराबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। कोलकाता नाइट राइडर्स को शुक्रवार को हुए मुकाबले में मुंबई इंडियंस (डनउइंप प्दकपंदे) के हाथों 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। कोलकाता की ओर से कप्तान इयॉन मॉर्गन और पैट कमिंस के बीच हुई साझेदारी ने मुकाबले को पूरी तरह एकतरफा नहीं होने दिया। कमिंस 7वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने तेज–तर्रार हाफ सेंचुरी बनाई और मॉर्गन के साथ 87 रन की साझेदारी की। कमिंस ने सिर्फ 36 गेंद पर 53 रन की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने दो छक्के और पांच चौके लगाए। इसकी मदद से केकेआर ने 148 का स्कोर बनाया। कमिंस ने मॉर्गन के साथ साझेदारी में आक्रामक भूमिका निभाई। कमिंस ने अपनी ने अपनी हाफ सेंचुरी के साथ ही चेन्नै सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के 7 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबर कर दी । इस धाकड़ विकेटकीपर बल्लेबाज ने साल 2013 के आईपीएल एडिशन में सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ हाफ सेंचुरी लगाई थी। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज नंबर 7 पर बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल में अर्धशतक नहीं जमा पाया था

### अरुण जेटली के बेटे रोहन जेटली बने डीडीसीए अध्यक्ष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिवंगत भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के बेटे रोहन जेटली दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। रोहन जेटली के सामने जो शख्स डीडीसीए के अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहा था उस शख्स ने अपना नामांकन वापस ले लिया था। वहीं, रोहन जेटली को डीडीसीए के बाकी गुटों से समर्थन मिला था। यही वजह रही कि वे निर्विरोध डीडीसीए अध्यक्ष चुने गए हैं। गौरतलब है कि दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पद समेत 6 पदों के लिए इसी महीने चुनाव होने थे, लेकिन डीडीसीए के लोकपाल ने इनको रद कर दिया था। हालांकि, अब सभी चीजें स्पष्ट हो गई हैं। इसी बीच रोहन जेटली को दिल्ली क्रिकेट की कमान मिल गई है, जबकि बाकी बचे पांच पदों के लिए उपचुनाव 5 से 8 नवंबर को होंगे। पिछले करीब एक साल से डीडीसीए के अध्यक्ष पद की कुर्सी खाली पड़ी थी।

### केविन पीटरसन ने सीजन के बीच में छोड़ी कमेंट्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग 2020 के कमेंट्री पैनल को छोड़ने का फैसला किया है। वह यूएई से इंग्लैंड के रवाना हो गए हैं। 104 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाला 40 साल का यह पूर्व क्रिकेट आइपीएल में खेल भी चुका है। उन्होंने टूर्नामेंट छोड़कर जाने से पहले तीन टीमों को आइपीएल 2020 के खिताब का दावेदार बताया। पीटरसन ने अपने बच्चों के साथ समय बिताने के लिए के आइपीएल की कमेंट्री टीम छोड़ दी। उन्होंने कहा कि मेरे बच्चों का हाफ–टर्म है और मैं उनके साथ रहना चाहता हूं। इसलिए मैंने आइपीएल छोड़ दिया। यह एक अजीब वर्ष रहा है। वो स्कूल नहीं जा रहे हैं। मैं उनके साथ पूरा दिन रहना चाहता हूं। उन्होंने यह बात ट्वीट करके कही।